मॉडल पेपर 2023-24

कृषि शस्य विज्ञान   कक्षा-11 कृषि

प्रथम

(केवल कृषि भाग-1 परीक्षार्थियों के लिए)

समयः- 3 घण्टा 15 मिनट   पूर्णांकः- 50

निर्देशः- प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

नोट-

(i) सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(ii) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय है प्रश्न संख्या 2 से 6 तक निश्चित उत्तरीय है। प्रश्न सं. 7 से 11 तक अति लघु उत्तरीय है इनमें से प्रत्येक का उत्तर 20 शब्दों के अन्तर्गत दीजिए।

(iii) प्रश्न संख्या 12,13 व 14 लघु उत्तरीय है इनमें से प्रत्येक का उत्तर 200 शब्दों के अन्तर्गत दीजिये।

(iv) प्रश्न संख्या 15,16 तथा 17 दीर्घ उत्तरीय है इनमें से प्रत्येक का उत्तर 300 शब्दों के अन्तर्गत दीजिए।

(v) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित है।

बहुविकल्पीय प्रश्न

1. इन प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं इनमें से सही उत्तर छाँटकर उसे अपनी उत्तर पुस्तिका में क्रमवार लिखिए।

(क) गेहूँ की बौनी जातियों के जनक हैः-   01

(i) डी. कण्डोले   (ii) राबर्ट ब्रेडवुड

(iii) डा. नार्मन ई. बोरलाग   (iv) विविलोव

(ख) बुवाई की श्री (SRI) पद्धति किस फसल हेतु संस्तुत है?   01

(i) धान   (ii) बरसीम

(iii) तम्बाकू   (iv) गन्ना

(ग) गन्ना पकने पर ब्रिक्स प्रतिशत (कुल विलेय लवण) होना चाहिए-   01

(i) <10%   (ii) >17%

(iii) 10-16%   (iv) 25%

(घ) खैरा बीमारी निम्नलिखित में से किस फसल में लगती है।   01

(i) मक्का   (ii) गेहूँ

(iii) धान   (iv)ज्वार

(ङ) निम्न में से कौन प्रमुख पोषक तत्व नहीं है?   01

(i) फास्फोरस   (ii) नत्रजन (नाइट्रोजन)

(iii) पोटाश   (iv) गन्धक

निश्चित उत्तरीय प्रश्न

2. एक हे. के लिए बरसीम के बीज की मात्रा लिखिए। 01
3. संकर मक्का की दो जातियों के नाम लिखिए। 01
4. सरसों की प्रति हेक्टेयर उपज लिखिए। 01
5. चने की एक ठारोधी प्रजाति का नाम लिखिए। 01
6. आलू की बीजदर प्रति हे. लिखिए। 01

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

7. जलक्रान्तता के दो कारण लिखिए। 02
8. दो नाइट्रोजन उर्बरको के नाम लिखिए। 02
9. एरोइंग से क्या तात्पर्य है। 02
10. हरीखाद वाली दो फसलों के नाम लिखिए। 02
11. गन्ने का बीजशोधन लिखिए। 02

लघु उत्तरीय प्रश्न

12. पौधों के आवश्यक पोषक तत्वों का वर्गीकरण कीजिए। किसी एक मुख्य पोषक तत्व की व्याख्या कीजिए- 04
13. पर्यावरण प्रदूषण के नियन्त्रण के लिए सामान्य उपाय लिखिए। 04
14. हरी खाद किसे कहते हैं। हरी खाद की फसलों के नाम लिखिए तथा इसके प्रयोग की विधि भी लिखिए। 04

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

15. चने की खेती का वर्णन निम्नलिखित तीन शीर्षकों के अन्तर्गत कीजिए। 2+2+2

(i) उपयुक्त भूमि एवं बीज दर
(ii) बोने का समय एवं बीज शोधन
(iii) एक प्रमुख कीट एवं इसका नियन्त्रण।

या

अम्लीय मृदा किसे कहते है। अम्लीय मृदा बनने के कारण तथा सुधारने के उपायों की व्याख्या कीजिए।

16. मूंगफली की खेती का वर्णन निम्नलिखित शीर्षक पर करिए। 2+2+2

(i) संस्तुत जातियाँ (ii) खाद एवं उर्वरक (iii) बीजदर

अथवा

एस. आर. आई. (S.R.I.) पद्धति से धान उगाने की विधि का वर्णन कीजिए।

17. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 2+2+2=6

(i) अन्धी गुडाई
(ii) फसल चक्र
(iii) उकण रोग
(iv) मृदा प्रोफाइल
(v) वरसीम में बीज उत्पादन